भारत सरकार
खान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 598
दिनांक 03.12.2025 को उत्तर देने के लिए

## आरईई के लिए अन्वेषण गतिविधियाँ

598. श्री बजरंग मनोहर सोनवणेः
श्री संजय उत्तमराव देशमुखः
श्री संजय हरिभाऊ जाधवः

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने दुर्लभ भूवैज्ञानिक तत्वों (आरईई) और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों के लिए महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न राज्यों में कोई नया भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण या अन्वेषण गतिविधियाँ शुरू/अनुमोदित की हैं;
(ख) यदि हां, तो चिन्हित किए गए स्थान, इसमें हुई प्रगति और ऐसे अन्वेषणों के निष्कर्ष का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने ऐसे राज्यों में स्थानीय स्तर पर महत्वपूर्ण खनिजों एवं आरईई के निर्यात से पूर्व मूल्य संवर्धन एवं प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए कोई नीति अथवा योजना बनाई है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) देश के सभी राज्यों में विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान खनिज अन्वेषण और मूल्य संवर्धन के लिए आवंटित और उपयोग की गई कुल धनराशि कितनी है?

उत्तर

कोयला और खान मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): खान मंत्रालय का संबद्ध कार्यालय, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई), महाराष्ट्र सहित पूरे देश में दुर्लभ मृदा तत्वों (आरईई) और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों के लिए खनिज गवेषण कार्यकलाप करता है। आरईई सहित महत्वपूर्ण खनिजों के लिए जीएसआई द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं की वर्ष-वार कुल संख्या निम्नलिखित हैः

| कार्य सत्र | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 |
|---|---|---|---|---|---|
| खनिज गवेषण परियोजनाओं की कुल संख्या | 251 | 319 | 360 | 435 | 462 |
| महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों की कुल परियोजनाएं | 118 | 123 | 127 | 195 | 230 |
| आरईई की गवेषण परियोजनाओं की कुल संख्या | 58 | 49 | 59 | 78 | 93 |

एमएमडीआर संशोधन अधिनियम, 2015 के बाद से, जीएसआई ने महाराष्ट्र सहित पूरे देश में एमएमडीआर संशोधन अधिनियम, 2023 की पहली अनुसूची के भाग घ में विनिर्दिष्ट आरईई, लिथियम, निकल, ग्रेफाइट, वैनेडियम, कोबाल्ट, टंगस्टन और अन्य महत्वपूर्ण एवं सामरिक खनिजों के लिए संसाधनों में वृद्धि की है, और वर्धित संसाधनों का ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय खनिज खोज और विकास न्यास (एनएमईडीटी) ने देश में दुर्लभ मृदा तत्वों (आरईई) और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों के लिए 177 खनिज गवेषण परियोजनाएं अनुमोदित की हैं, जिनमें महाराष्ट्र में 10 महत्वपूर्ण खनिज परियोजनाएं शामिल हैं। इन 177 परियोजनाओं में से, 72 परियोजनाएं पूरी की गई हैं, और जिन परियोजनाओं में संसाधनों में वृद्धि हुई है, उनका ब्यौरा अनुलग्नक-II में दिया गया है।

(ग) और (घ): केंद्र सरकार ने जनवरी, 2025 में राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन (एनसीएमएम) शुरू किया है जिसका उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों की दीर्घकालिक सतत आपूर्ति सुनिश्चित करना और देश की महत्वपूर्ण खनिज मूल्य श्रृंखलाओं, जिनमें खनिज गवेषण और खनन से लेकर एंड ऑफ लाइफ उत्पादों से पुनर्प्राप्ति के माध्यम से सज्जीकरण, प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण तक सभी चरण शामिल हैं, को सुदृढ़ करना है। मौजूदा अवसंरचना का प्रयोग करते हुए एनसीएमएम के तहत खनिज प्रसंस्करण पार्क विकसित करने के लिए 500 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं।

(ङ): पिछले तीन वित्त वर्षों अर्थात् वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक, जीएसआई और एनएमईडीटी द्वारा खनिज गवेषण एवं मूल्य संवर्धन के लिए आवंटित और उपयोग की गई कुल निधियां निम्नलिखित हैं:

| एजेंसी | आवंटित निधियां | उपयोग की गई निधियां |
|---|---|---|
| जीएसआई | 196.05 करोड़ | 195.72 करोड़ |
| एनएमईटी | 629.0 करोड़ | 310.0 करोड़ |

*****

अनुलग्नक-I

एमएमडीआर संशोधन अधिनियम, 2015 के बाद से, विभिन्न महत्वपूर्ण और सामरिक खनिज पदार्थों के लिए, विभिन्न कट-ऑफ और ग्रेड पर जीएसआई द्वारा संवर्धित संचित संसाधन का राज्य-वार ब्यौरा

| राज्य | खनिज पदार्थ (मिलियन टन में) | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | आरईई-आरएम | नाइओबियम | पीजीई | ग्रेफ़ाइट | ग्लौकोनाइट - पोटाश | फॉस्फोराइट | टाइटेनियम | गैलियम | वैनेडियम | मोलिब्डेनम | टंगस्टन | लिथियम | निकल | कोबाल्ट | रुबिडियम | ज़िरकोनियम | कैडमियम | स्कैंडियम | टिन |
| असम | 30.51 | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| आंध्र प्रदेश | | | | 1.06 | | | | | | | 0.07 | | | 0.69 | | | 0.7 | | |
| अरुणाचल प्रदेश | 2.15 | | | 24.74 | | | | | 17.16 | | | | | | | | | | |
| बिहार | 81.03 | | | | 707.83 | | | | | | | | | | | | | | 0.33 |
| छत्तीसगढ़ | | | | 9.28 | 68.22 | 66.01 | | 68.93 | 100.34 | | | | | | | | | | |
| गुजरात | 318.99 | 282.38 | | | | | | | 19.93 | | | | | | | | | | |
| हरियाणा | | | | | | | | | | | 1.35 | | | | | | | | 3.1 |
| हिमाचल प्रदेश | | | | | | | | | 35.23 | | | | | | | | | | |
| झारखंड | 0.0092 | | | 34.5 | 138.27 | 34.04 | 112.22 | 12.91 | 76.33 | | | | | | | | | | |
| जम्मू और कश्मीर | | | | | | | | | | | | 6.5 | | | | | | | |
| पंजाब | | | | | 199.44 | | | | | | | | | | | | | | |
| कर्नाटक | 13.11 | | 0.033 | | | 3.28 | 0.03 | | 0.19 | | | | 2.21 | 0.48 | | | | | |
| केरल | | | 0.32 | | | | 126.73 | | 34.92 | | | | 0.21 | | | | | 28.44 | |
| महाराष्ट्र | 76.6 | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| मध्य प्रदेश | | | | 15 | 23.91 | | | 28.75 | 38.67 | | | | | | | | | | |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नागालैंड | | | | | | | | | | | | | 0.73 | | | | | | |
| ओडिशा | | | | 7.42 | | | | | 0.37 | | | | 2.15 | | | | | | |
| राजस्थान | 83.59 | 40.189 | | | 395.53 | | | | | 0.73 | 20.35 | 6.4 | | 0.71 | 23 | 52.5 | | | 0.15 |
| उत्तर प्रदेश | 0.342 | | | | 9.66 | | 12.69 | 2.54 | 2.72 | | | | | | | | | | |
| तमिलनाडु | 4.62 | | 0.73 | 2.02 | | 0.86 | | | | 3.98 | | | | | | | | | |
| तेलंगाना | 10.85 | | | | | | 85.21 | | 53.13 | | | | | | | | | | |
| पश्चिम बंगाल | 0.68 | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| कुल | 622 | 322 | 1 | 94 | 1542 | 104 | 336 | 113 | 379 | 4.7 | 21.7 | 12.9 | 5.3 | 1.8 | 23 | 52.5 | 0.7 | 28.44 | 3.5 |

अनुलग्नक-II

दुर्लभ मृदा तत्वों (आरईई) और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों के लिए एनएमईडीटी द्वारा अनुमोदित और पूर्ण की गई खनिज गवेषण परियोजनाओं का ब्यौरा

| क्र. सं. | वर्ष | ब्लॉक का नाम | खनिज पदार्थ | राज्य | संसाधन (मिलियन टन) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2016-17 | नमक्कल ब्लॉक, जिला-नमक्कल, पेरम्बलुर, तमिलनाडु | निकल (Ni), क्रोमियम (Cr) और मैग्नेसाइट | तमिलनाडु | 60.35 |
| 2 | 2017-18 | मोलेन-जोपी-जिफू और आस-पास का क्षेत्र, नागा हिल्स ओफियोलाइट, जिला- फेक, नागालैंड | मैग्नेटाइट और निकल-कोबाल्ट - क्रोमियम | नागालैंड | 5.38 |
| 3 | 2017-18 | लखासर ब्लॉक, जिला- बीकानेर, राजस्थान | पोटाश | राजस्थान | 3294.38 |
| 4 | 2017-18 | सोनराई रॉक फॉस्फेट निक्षेप, तहसील- मेहरौनी, जिला- ललितपुर, उत्तर प्रदेश | फॉस्फोराइट | उत्तर प्रदेश | 16.89 |
| 5 | 2019-20 | लखासर-सब बेसिन, राजस्थान का उत्तर-पश्चिमी भाग, जिला- बीकानेर, राजस्थान | पोटाश | राजस्थान | 92.354 |
| 6 | 2020-21 | राजस्थान के उत्तर-पश्चिमी भाग, भरुसारी नॉर्थ ब्लॉक (10 वर्ग कि.मी.) में पोटाश के लिए प्रारंभिक गवेषण (जी3 चरण), जिला: हनुमानगढ़, राजस्थान | पोटाश | राजस्थान | 5.849 |
| 7 | 2020-21 | ओडिशा के बलांगीर जिले के तामिया, रेंगाली, बाबजा और बियारपल्ली के पहले से खोजे गए जी2 मैंगनीज ब्लॉक में ग्रेफाइट संसाधन का मूल्यांकन | ग्रेफाइट | ओडिशा | 1.447 |
| 8 | 2021-22 | बलांगीर जिले के लारंभा-कनैताल एवं पुडापदार-भारतबहाल ब्लॉक में मैंगनीज अयस्क और ग्रेफाइट के लिए टोही सर्वेक्षण | मैंगनीज अयस्क और ग्रेफाइट | ओडिशा | 2.03 |
| 9 | 2022-23 | पहाड़ी कलां-गोरा कलां ब्लॉक, जिला ललितपुर में फॉस्फोराइट के लिए प्रारंभिक | फॉस्फोराइट | उत्तर प्रदेश | 19.08 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | गवेषण | | | |
| 10 | 2022-23 | सलेपाली ब्लॉक, जिला बलांगीर में ग्रेफाइट और मैंगनीज के लिए प्रारंभिक गवेषण | ग्रेफाइट और मैंगनीज | ओडिशा | 0.17 |
| 11 | 2022-23 | पिंडरा एसडब्ल्यू एक्सटेंशन ब्लॉक (40.0 वर्ग कि.मी.), जिला: सतना, मध्य प्रदेश में ग्लौकोनाइटिक सैंडस्टोन के लिए टोही सर्वेक्षण (जी4) | पोटाश | मध्य प्रदेश | 1918 |
| 12 | 2021-22 | रंगपुरा ब्लॉक, जिला: हासन, कर्नाटक में पीजीई, निकल, कोबाल्ट और स्वर्ण के लिए टोही सर्वेक्षण | निकल, कोबाल्ट, पीजीई, स्वर्ण | कर्नाटक | 0.76 |
| 13 | 2022-23 | हरदाताल ब्लॉक (1.38 वर्ग कि.मी.) जिला: बलांगीर, ओडिशा में मैंगनीज के लिए प्रारंभिक गवेषण | मैंगनीज और ग्रेफाइट | ओडिशा | 0.94 |
| 14 | 2022-23 | थापेन और बाजारगढ़ ब्लॉक (116.49 वर्ग कि.मी.) जिला: कालाहांडी, ओडिशा में ग्रेफाइट के लिए टोही सर्वेक्षण (जी4) | ग्रेफाइट | ओडिशा | 0.125 |
| 15 | 2022-23 | कचलदरा ईस्ट ब्लॉक (5.60 वर्ग कि.मी.) जिला: झाबुआ, मध्य प्रदेश में फॉस्फोराइट के लिए प्रारंभिक गवेषण (जी3) | फॉस्फोराइट | मध्य प्रदेश | 0.38 |
| 16 | 2022-23 | लखासर ईस्ट ब्लॉक, लखासर-सब बेसिन, राजस्थान के उत्तर पश्चिमी भाग, जिला: बीकानेर, राजस्थान में पोटाश के लिए प्रारंभिक गवेषण (जी3) (ब्लॉक एरिया 7.16 वर्ग कि.मी.) | पोटाश | राजस्थान | 24.76 |
| 17 | 2023-24 | कर्नाटक के कोलार जिले के गनाचरपुरा ब्लॉक (33.60 वर्ग कि.मी.) में ग्रेफाइट के लिए टोही सर्वेक्षण (जी-4 चरण) | ग्रेफाइट | कर्नाटक | 0.556 |
| 18 | 2023-24 | ओडिशा के बलांगीर जिले के कनैताल ब्लॉक (4.26 वर्ग कि.मी.) में मैंगनीज और ग्रेफाइट के लिए प्रारंभिक गवेषण (जी-3 चरण) | मैंगनीज और ग्रेफाइट | ओडिशा | 4.56 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 19 | 2020-21 | राजस्थान के उत्तर पश्चिमी भाग, भरुसारी सब बेसिन, जिला- हनुमानगढ़, राजस्थान | पोटाश | राजस्थान | 12.839 |
| 20 | 2022-23 | ओडिशा के कालाहांडी जिले के लामेर-पंगा ब्लॉक (49.08 वर्ग कि.मी.) में ग्रेफाइट के लिए टोही सर्वेक्षण (जी4) | ग्रेफाइट | ओडिशा | 2.034 |
| 21 | 2023-24 | ओडिशा के बलांगीर जिले के लारंभा ब्लॉक (2.57 वर्ग किमी) में मैंगनीज और ग्रेफाइट के लिए प्रारंभिक गवेषण (जी-3 चरण) | मैंगनीज और ग्रेफाइट | ओडिशा | 1.0 |
| 22 | 2023-24 | सिसकारी पाट ब्लॉक (0.28 वर्ग कि.मी.) ज़िला – लोहरदगा, झारखंड में बॉक्साइट, टाइटेनियम और उससे संबद्ध खनिजों के लिए प्रारंभिक गवेषण (जी-3 चरण) | बॉक्साइट, टाइटेनियम और उससे संबद्ध खनिज | झारखंड | 20.9 |
| 23 | 2023-24 | डिंडो-बेलकुर्ता-बसेरा ब्लॉक, ज़िलाः सरगुजा, छत्तीसगढ़ में ग्रेफाइट के लिए टोही सर्वेक्षण (जी-4 चरण) | ग्रेफाइट | छत्तीसगढ़ | 0.103 |
| 24 | 2023-24 | धनकोवाली धानी (उत्तर) ब्लॉक (9.63 वर्ग कि.मी.), सतीपुरा सब बेसिन, हनुमानगढ़ ज़िला, राजस्थान में पोटाश के लिए प्रारंभिक गवेषण (जी-3) | पोटाश | राजस्थान | 74.22 |
| 25 | 2023-24 | निम्बली ब्लॉक (2.70 वर्ग कि.मी.), जैसलमेर ज़िला, राजस्थान में रॉक फॉस्फेट के लिए प्रारंभिक गवेषण (जी-3 चरण) | रॉक फॉस्फेट | राजस्थान | 3.24 |
| 26 | 2023-24 | सिंधुदुर्ग जिला, महाराष्ट्र में तालाशिल ब्लॉक के समुद्र तट एवं रेत के टीलों में वैनेडियम और टाइटेनियम के लिए प्रारंभिक गवेषण (जी3) | टाइटेनियम और वैनेडियम | महाराष्ट्र | 4.2115 |
| 27 | 2022-23 | लामेर पंगा ग्रेफाइट ब्लॉक-बी (12.994 वर्ग किमी) कालाहांडी जिला ओडिशा में ग्रेफाइट के लिए प्रारंभिक गवेषण (जी3) | ग्रेफाइट | ओडिशा | 1.304 |
| 28 | 2021-22 | भारतबहाल ब्लॉक (2.00 वर्ग कि.मी.) जिला- बलांगीर, ओडिशा में मैंगनीज और ग्रेफाइट के लिए प्रारंभिक गवेषण (जी3) | मैंगनीज और ग्रेफाइट | ओडिशा | 0.59 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 29 | 2022-23 | लामेर-पंगा ब्लॉक ए (13.99 वर्ग कि.मी.) जिला: कालाहांडी, ओडिशा में ग्रेफाइट के लिए प्रारंभिक गवेषण (जी3), | ग्रेफाइट | ओडिशा | 3.098 |
| 30 | 2023-24 | कनापुलिसी ग्रेफाइट ब्लॉक (98.3 वर्ग कि.मी.), रायगडा जिला, ओडिशा के लिए टोही सर्वेक्षण (जी4 चरण) | ग्रेफाइट | ओडिशा | 0.176 |
| 31 | 2022-23 | नारिंगपंगा ब्लॉक (दक्षिण एवं पश्चिम) (0.143 वर्ग कि.मी.) ब्लॉक जिला: रायगडा, ओडिशा के आसपास ग्रेफाइट के लिए प्रारंभिक गवेषण (जी3), | ग्रेफाइट | ओडिशा | 0.41343 |
| 32 | 2023-24 | गुजरात के नवासारी और वलसाड जिलों में दांडी-औंजल-सुरवाड़ा ब्लॉक में वैनेडियम और टाइटेनियम के लिए प्रारंभिक गवेषण (जी3) | वैनेडियम और टाइटेनियम | गुजरात | 12.817 |
| 33 | 2023-24 | रानीबंध ब्लॉक, बांकुरा जिला, पश्चिम बंगाल में ग्रेफाइट के लिए टोही सर्वेक्षण (जी4 चरण) | ग्रेफाइट | पश्चिम बंगाल | 1.38 |
| 34 | 2024-25 | छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के परसदा-नवापारा-गुरुर क्षेत्र (146.27 वर्ग कि.मी.) में ग्लौकोनाइटिक सैंडस्टोन के लिए टोही सर्वेक्षण (जी-4) | ग्लौकोनाइट | छत्तीसगढ़ | 104.53 |
| 35 | 2024-25 | कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के मुंडल्ली ब्लॉक (4.754 वर्ग कि.मी.) में वैनेडियम और गैलियम युक्त एल्युमिनस लेटराइट का प्रारंभिक गवेषण | एल्युमिनस लेटराइट और उससे संबद्ध तत्त्व | कर्नाटक | 54.263 |